

एक नजर में

## नरवाई जलाने पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**धार,** ।अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी संजीव केशव पाण्डेय द्वारा नरवाई में आग लगाने की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण, जनसामान्य के हित, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं लोक व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(2) के अंतर्गत धार जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेशानुसार फसलों की कटाई में उपयोग किए जाने वाले प्रत्येक कंबाईन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम (स्स्रू) अथवा स्ट्रा रीपर में से किसी एक मशीन का उपयोग अनिवार्य रहेगा। बिना स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम अथवा स्ट्रा रीपर के कंबाईन हार्वेस्टर संचालित किए जाने पर संबंधित के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में जिला परिवहन अधिकारी एवं सहायक कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा निरंतर निगरानी रखी जाएगी। आदेश में उल्लेख है कि खेतों में फसल अवशेष अथवा नरवाई जलाने से मृदा के लाभदायक सूक्ष्म जीव एवं जैविक कार्बन नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उर्वरता प्रभावित होती है तथा पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कृषकों से अपील की गई है कि वे नरवाई न जलाकर उसका उपयोग मल्चिंग, स्ट्रा रीपर से भूसा निर्माण, पशु आहार अथवा भूसे के विपणन के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने में करें। साथ ही गेहूं की फसल हेतु बिना जुताई किए हैप्पी सीडर/सुपर सीडर से सीधे बोनी करने तथा बेलर, रैकर एवं चॉपर मशीनों के उपयोग को प्रोत्साहित किया गया है। मध्यप्रदेश शासन, पर्यावरण विभाग द्वारा जारी अधिसूचना एवं माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों के अनुपालन में नरवाई जलाने की घटनाओं को प्रतिबंधित किया गया है। उल्लंघन की स्थिति में पर्यावरण क्षति पूर्ति अर्थदण्ड अधिरोपित किया जाएगा। दो एकड़ से कम भूमि वाले कृषकों पर ?2500, दो से पांच एकड़ तक भूमि वाले कृषकों पर ?5000 तथा पांच एकड़ से अधिक भूमि वाले कृषकों पर ?15000 प्रति घटना अर्थदण्ड निर्धारित किया गया है। आदेश के पालन हेतु संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसीलदार, थाना प्रभारी, कृषि विभाग के अधिकारी एवं राजस्व अमला अपने-अपने क्षेत्र में कड़ाई से पालन सुनिश्चित करेंगे। आदेश का उल्लंघन किए जाने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर 17 फरवरी 2026 से 17 अप्रैल 2026 तक प्रभावशील रहेगा।

## बजट प्रदेश वासियों के लिए निराशाजनक : प्रवक्ता ठाकुर



**धार** । आज प्रदेश में भाजपा की मोहन सरकार का तीसरा बजट पेश हुआ है ।जिससे मध्यप्रदेश वासियों को बड़ी उम्मीद,आशा थी जो कि निराशा में बदल गई उक्त बात धार जिला कांग्रेस प्रवक्ता,नेता प्रतिपक्ष (म.प्र.विधानसभा) प्रतिनिधि एड अजय सिंह ठाकुर ने कही। उन्होंने इस बजट को युवा,गरीब, मध्यमवर्गीय किसानों को निराश करने वाला बताया ।मोहन सरकार के बजट से ज्यादा प्रदेश पर कर्जा है ।वित्तमंत्री ने बजट के प्रारंभ में जो श्लोक प्रजा का सुख राजा का सुख,प्रजा का हित राजा का हित पड़ा यह बजट इससे विपरीत है ।यहा प्रजा दुखी और राजा सुखी है प्रजा का कोई हित नहीं राजा का ही हित है ।यह बजट जनता को भ्रमित करने वाला है जिसका धार जिला कांग्रेस विरोध करती है।

## बजट 2026 में बीडपाडा से चौकीरूण्डा डामरीकरण सड़क की मिली स्वीकृति



**सरदारपुर** । विधायक प्रताप ग्रेवाल के निरंतर प्रयासो से मध्यप्रदेश के वर्ष 2026-27 के बजट मे ग्राम बीडपाडा से चौकीरूण्डा एवं मोहनखेडा जैन तीर्थ बायपास डामरीकरण सडक की स्वीकृती मिली है। मोहनखेडा जैन तीर्थ पर गुरू सप्तमी एवं वर्षभर सम्पूर्ण मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान सहित अन्य राज्यो से आने वाले श्रृध्दालुओ के आवागमन के लिए एकमात्र रोड होने से बायपास मार्ग की स्वीकृती के लिए ट्रस्ट मंडल एवं श्रृध्दालुओ द्वारा विधायक प्रताप ग्रेवाल से मांग की जा रही थी जिसकी बजट मे 2.20 किलामीटर बायपास मार्ग की 7 करोड की लागत से स्वीकृती मिली है जिससे श्रृध्दालुओ को सुविधा मिलेगी और नेशनल हाईवे से 2.20 किलोमीटर मे ही मोहनखेडा मंदिर तक श्रृध्दालु पहुच जाएंगे। वही बीडपाडा से चौकीरूण्डा कच्चा मार्ग होने से ग्रामीणो को आवागमन मे होने वाली परेशानियो को दूर करने के लिए विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा निरंतर इस मार्ग की स्वीकृती की मांग की जा रही थी जिसकी बजट मे 2 किलोमीटर मार्ग की 2.5 करोड की लागत से स्वीकृती मिली है दोनो मार्ग की स्वीकृती पर मोहनखेडा ट्रस्ट मंडल, श्रृध्दालु एवं ग्रामीणो मे हर्ष व्याप्त है। मोहनखेडा जैन तीर्थ बायपास की स्वीकृती पर मोहनखेडा ट्रस्ट मंडल एवं बीडपाडा से चौकीरूण्डा मार्ग की स्वीकृती पर ग्रामीणो ने विधायक प्रताप ग्रेवाल का आभार व्यक्त किया। यह जानकारी विधायक कार्यालय से विष्णु चौधरी द्वारा दी गई।

## लूट के इरादे से बदमाशों ने वाहन पर किया पथराव यात्रियों में हड़कंप मचा



**बाग** - बीती रात्रि को बाग जोबट रोड़ ग्राम अखाड़ा की लालघाटी के पास अज्ञात बदमाशो ने जोबट इंदौर पवन बस पर लूट की नियत से पथराव किया ।पथराव होते देख यात्रियों में हड़कंप मच गया । जिसमें ड्राईवर छगन डोडवे घायल हो गया घटना की जानकारी मीलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को सुरक्षित लेकर आई ।मंगलवार रात 8 बजे के लगभग इंदौर से लोटकर पवन बस जोबट की ओर जा रही थी तभी अखाड़ा लालघाटी के समीप अज्ञात बदमाशो ने बस पर पथराव कर दिया पथराव में बस का ड्राइवर घायल हो गया जिसे हाथ ओर पैर में चोट आई चिल्ला चोंट होने पर बदमाश मौके से फरार हो गये ।इस घटना में ड्राईवर के अलावा बस के कांच वगेहरा फूट गये ।बाकी किसी को कुछ नहीं हुआ मगर बस में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया था और यात्री परेशान होते रहे जिसमें महिला पुरुष और बच्चे भी सवार थे ।

**आखिर खतरा क्यों बनता जा रहा हे यह रोड़** -जोबट के इस रोड़ पर आए दीन कुछ न कुछ घटनाएं होती रहती है ।आने जाने वालो में रात्रि के समय निकलने में भय ही बना रहता है ।तो आखिर क्यों यह रोड़ राहगीरों के लिए खतरा बनता जा रहा है इस पर खड़ा एक्शन लेकर पुलिस प्रशासन को अंकुश लगाना चाहिए या फिर वहां पर चौकी स्थापित करना चाहिए ।ताकी रात बिरात जाने वालो का भय दूर हो ओर घटनाओं पर भी अंकुश लगे बस में इतने यात्री थे अगर बदमाश बस भागते नहीं ओर बस में चढ़ जाते तो क्या होता ।

## जितेन्द्र चौहान बने जिला संयोजक



**सरदारपुर** । भारतीय पत्रकार संघ एआईजे यूथ विंग संगठन विस्तार की दिशा में सक्रिय भारतीय पत्रकार संघ अक्ख (यूथ विंग) द्वारा धार जिले में नई नियुक्ति की घोषणा की गई है। पत्रकारिता के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहे जितेन्द्रई चौहान बने जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन, यूथ विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप जैन, प्रदेश अध्यक्ष (यूथ विंग) धवन माहेश्वरी एवं धार जिला अध्यक्ष आदित्य राज धाकड़ की सहमति से की गई। जिला अध्यक्ष (यूथ विंग) आदित्य राज धाकड़ द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में अपेक्षा व्यक्त की गई है कि जितेन्द्रट चौहान पत्रकारों के हितों की रक्षा हेतु समर्पित भाव से कार्य करेंगे तथा जिले मे युवा पत्रकारों को संगठन से जोड़कर इकाई को मजबूत बनाएंगे। संगठन से जुड़ी इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के बाद स्थानीय पत्रकारों एवं शुभचिंतकों में उत्साह का माहौल है। उनके मित्र विक्रम जी राठौर सरदार पाटीदार, मुकेश राठौर, अभीजित पंडीत, निलेश परमार फिरोज खान असलम खान रईस शेख रूघुनाथ यादव हिमांशु चौहान आदि सहित अनेक पत्रकारों व गणमान्य नागरिकों ने उन्हें बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं। धार जिले में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में यह नियुक्ति अहम मानी जा रही है।

# चूना पत्थर सर्वे करने पहुंची टीम पर पथराव

- ग्रामीणों के आक्रोश के आगे झुका प्रशासन



**कुक्षी ।समीपस्थ ग्राम खेड़ली में बुधवार दोपहर उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब चूना पत्थर खदान सर्वे के लिए पहुंची प्रशासनिक टीम पर ग्रामीणों ने हमला बोल दिया। लंबे समय से प्रस्तावित चूना फैक्ट्री का विरोध कर रहे ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने अधिकारियों व उनके वाहनों पर जमकर पथराव किया। इस पथराव में प्रशासन के कई वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं।**

प्रशासन को पीछे हटने पर किया मजबूर ग्रामीणों के अडिग रुख और हिंसक होती स्थिति को देखते हुए प्रशासन को सुरक्षा की दृष्टि से पीछे कदम खींचने प?। टीम को बिना सर्वे किए ही मौके से खाली हाथ लौटना प?ा। ज्ञातव्य है कि कुक्षी, बाग और जोबट ब्लॉक के कई गांवों में चूना पत्थर की खोज का विरोध पिछले कई महीनों से चल रहा है। पिछले महीने हुए चक्का जाम के बाद प्रशासन ने शांति का आश्वासन दिया था, लेकिन बुधवार की इस औचक कार्रवाई ने ग्रामीणों के भरोसे को तो? दिया है। ग्रामीण किसी भी कीमत पर अपनी कब्जे की जमीन कंपनी को देने के लिए तैयार नहीं हैं।

महत्वपूर्ण यह है कि कलेक्टर प्रियंक मिश्रा नें ने पूर्व में ग्राम मोगरा में जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों को आश्वस्त किया था कि ग्रामीण जनों को विश्वास में लिए बगैर कोई कार्य नहीं होगा। इसके बावजूद, बिना किसी पूर्व सूचना या स्थानीय सहमति के सर्वे टीम का पहुंचना ग्रामीणों को रास नहीं आया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन एक तरफ संवाद की बात करता है और दूसरी तरफ बलपूर्वक सर्वे की कोशिश कर रहा है ।आज की घटना ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक प्रशासन ग्रामीणों के साथ पारदर्शी संवाद नहीं करता, तब तक इस क्षेत्र में औद्योगिक विस्तार की राह आसान नहीं होगी। फिलहाल क्षेत्र में भारी पुलिस बल की तैनाती दिखाई दे रही है.इस घटना को लेकर सोशल मिडिया पर खबर के साथ वायरल वीडियो फुटेज में आक्रोषित ग्रामीण जन वाहनों पर पथराव करते नजर आ रहे.

### इनका कहना है

इस सम्बन्ध में एसडीएम प्रमोद सिंह गुर्जर नें बताया की कम्पनी द्वारा सेम्पलिंग कार्य नियमानुसार किया जा रहा था.ग्रामीणों की आपत्ति पर समझाइश दी गई थी और ग्रामीणों की बात सुनी गई है.वहां पूर्ण रूप से शांति है.कोई जन हानि नही हुई है.

# भाजपा संगठन का काम मजबूत करने का काम करें : यादव

**मनावर ।भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण धार जिला धार ग्रामीण के नवनियुक्त जिला प्रभारी राधेश्याम यादव जी के प्रथम आगमन पर धार रो? मनावर के निजी भवन में जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई।**

जिला बैठक में भाजपा धार ग्रामीण जिला संगठन प्रभारी राधेश्याम यादव मुख्य अतिथि के रूप से उपस्थित रहे। भाजपा ग्रामीण जिला संगठन प्रभारी राधेश्याम यादव की नियुक्ति होने के बाद प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

बैठक के प्रारम्भ में अतिथियो ने भारत माता, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर बैठक का शुभारंभ किया। यादव जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह तन समर्पित यह मन समर्पित और भी कुछ दु यह भाव के साथ संगठन का काम करना है। हम ऊपर की चिंता ना करें यह चिंता का काम हमारा नहीं है। हमें भाजपा धार ग्रामीण जिले को मजबूत करें। जिला संगठन प्रभारी राधेश्याम यादव ने कहा में संगठन को मजबूत करने आया हूं। हम मिलकर मंडल स्तर तक जाकर कमजोर बुथ और शक्ति केंद्रों को मजबूत करने का काम करेंगे।

उक्त जानकारी भाजपा ग्रामीण धार जिला मीडिया प्रभारी विजय राठौर सह मीडिया प्रभारी अंकित शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि इस भाजपा जिला बैठक मे धार ग्रामीण की जिले की नवनियुक्त सभी जिला पदाधिकारी, जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सभी मण्डल अध्यक्ष व आपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




### जिलाध्यक्ष ने आगामी होने वाले कार्यक्रमो के बारे में विस्तार से बताया

भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल ने भी जिला बैठक में मार्गदर्शन देते हुए कहा भाजपा धार जिले को मजबूत कर संगठन का काम करें ।आज कौन मंच पर बैठा है इसकी चिंता ना करें। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण धार जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार ने जिला संगठन से प्राप्त सभी कार्यक्रमो की रूपरेखा रखी तथा आगामी होने वाले कार्यक्रमो के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही सभी कार्यक्रमो को जमीनी स्तर पर उतारने का आव्हान भी किया। आयोजन में मंचासीन अतिथियों में जिला संगठन प्रभारी राधेश्याम यादव के साथ, भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार, पूर्व सांसद छतरसिह दरबार, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदारसिंह मेडा, विधानसभा प्रत्याशी शिवराम कन्नौज, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मोहन भायल, विनोद शर्मा, रमेश धाडीवाल, डॉ राज बरफा, जिला महामंत्री महेंद्र मेरती मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन.. भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश मोटसरा ने किया व आभार भाजपा जिला महामंत्री महेंद्र मेरती ने मन।

## प्रवेश चयन परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र जारी

**धार.** मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर एवं महर्षि पंतजलि संस्कृत संस्थान की प्रवेश चयन परीक्षा का आयोजन 22 फरवरी 2026 को किया जाएगा। प्रवेश चयन परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। परीक्षार्थी बोर्ड की वेबसाइट 222.*mpsos.nic.in* से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

परीक्षार्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा तिथि से पूर्व प्रवेश पत्र डाउनलोड कर उसमें अंकित विवरणों का भली-भांति अवलोकन कर लें तथा परीक्षा दिवस पर प्रवेश पत्र के साथ नियत समय पर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हों।

# डाइट में ओलंपियाड विजेता विद्यार्थियों का सम्मान समारोह





- जिले में सर्वाधिक विजेता सांदीपनि स्कूल के विद्यार्थी, प्राचार्य हुए सम्मानित

धार, 18 फरवरी 2026। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), धार में ओलंपियाड परीक्षाओं में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले चयनित विद्यार्थियों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अभिषेक चौधरी थे।

मुख्य अतिथि श्री चौधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार विद्यार्थियों ने कठिन ओलंपियाड परीक्षाओं को विभिन्न स्तरों पर उत्तीर्ण कर सफलता प्राप्त की है, उसी प्रकार भविष्य की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में भी कठिन परिश्रम, लगन एवं अनुशासन के साथ निरंतर प्रयास करते रहें। उन्होंने कहा कि निरंतर अभ्यास एवं आत्मविश्वास सफलता की कुंजी है।

समारोह में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए कुल 32 विद्यार्थियों, जिन्होंने जिला स्तर पर विभिन्न विषयों में प्रथम स्थान प्राप्त किया, को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सांदीपनि विद्यालय, धार के सर्वाधिक नौ विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में सफलता अर्जित की, जिसके कारण संपूर्ण जिले में सर्वाधिक चयन इसी विद्यालय से हुआ। इस उपलब्धि पर सांदीपनि विद्यालय की प्राचार्य डॉ. स्मृति रत्न मिश्र को विशेष रूप से ट्रॉफी एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। जिले में धार विकासखंड से सर्वाधिक विद्यार्थियों के चयनित होने पर बीआरसी भरतराज राठौर को भी सम्मानित किया गया।




# संकल्प से समाधान अभियान- ग्राम पंचायत में निरीक्षण व जनसुनवाई

**सरदारपुर** । प्रशासन की सराहनीय कार्यक्रम संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन पर आयोजित कार्यक्रम का जोशुआ पीटर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सरदारपुर द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने शिकायतकर्ता ग्रामीणों से सीधे संवाद, सुनवाई करते हुए उनकी शिकायतें सुनीं और 12 शिकायत मामलों का मौके पर ही निराकरण भी किया।

निरीक्षण के दौरान लंबित शिकायतों को लेकर ग्राम पंचायत कर्मचारियों को फटकार भी लगाई साथ ही रिंगनोद ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि प्रकाश मौर्य तथा सचिव अखिलेश मोलवा से चर्चा करते हुए जल्द संबंधित शिकायतों के निराकरण जल्द करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत अधिकारी जोशुआ पीटर ने शिकायतों की स्थिति, प्रगति और समाधान की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जोशुआ पीटर ने पंचायत भवन पर उपस्थित ग्रामीणों से संवाद करते हुए कुल 12 लंबित शिकायतों का तत्काल निराकरण कराया तथा शेष मामलों में तेजी लाने के निर्देश सचिव एवं कर्मचारियों को दिए। इस अवसर पर सचिव अखिलेश मोलवा ने बताया कि पोर्टल पर प्राप्त 65 शिकायतों का निराकरण ग्राम पंचायत द्वारा किया जा चुका है, जबकि शेष शिकायतों के समाधान के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं। निरीक्षण के दौरान पंचायत इंस्पेक्टर अंसार पठान, जनपद सदस्य प्रकाश परमार, राजू डामर, मनोज भूरिया, लक्की दरबार, कमल भूरिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

जनसमस्याओं का संतोषजनक और पारदर्शी समाधान-अभियान की जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जोशुआ पीटर ने बताया कि अभियान में ग्राम पंचायत स्तर पर जनसमस्याओं का पारदर्शी निराकरण हो रहा है.

एक नजर में

**तिलक लगाकर भगोर्या हाट की ग्रामीणों एक दुसरे को बधाई दी**

# बड़केश्वर महादेव मेले के समापन पर मांदल की थाप पर थिरके नेता और ग्रामीण

**बाग - पहाड़ियों के बीच स्थित चमत्कारी श्री बड़केश्वर महादेव के सात दिवसीय मेले का गेर के साथ हुआ समापन । नेताओं सहित ग्रामीण खुब थिरके मांदल की थाप पर ।इसी मेले के समापन के साथ सात दिवसीय भगोर्या हाट का आगाज होता है । उसी खुशी में एक दुसरे को तिलक लगाकर ग्रामीणो ने भगोर्या हाट कि बधाई दी । मंगलवार सुबह से ही बड़केश्वर मेले में ग्रामीणों का बड़ी संख्या में आना चालू हो गया था । आठ दस गांव से मांदलो के साथ ग्रामीण मेले के समापन ओर भगोर्या हाट के आगाज का उत्साह मनाने पहुचे और खुब जमकर नृत्य करते हुए महादेव कै मंदिर तक पहुंचे जहां उनके द्वारा भगवान भोले के दर्शन कर मेले का समापन किया ।**

**वर्षो से चली आ रही हे बड़केश्वर में मेले की परंपरा**

बड़केश्वर महादेव का मेला यहां कहीं वर्षो से लगता आ रहा है मालवा निर्माण का ऐतिहासिक मेला रहता है जिसे देखने के लिए ओर भगवान भोले के दर्शन करने आसपास क्षेत्रो सहित बड़ी दूर से श्रध्दालु यहां आते हैं और भगवान भोले के दर्शन के पश्चात मेले का आनंद लेते हैं । बड़ा ही चमत्कारी यह मंदिर जिससे हर किसी की आस्था जुड़ी है । आसपास पहाडिया बीच गड्डे में लगता है मेला जहां का नजारा देखते ही बनता है कहीं चमत्कार यहां के भक्तों ने एसे देखें है जिसकी कल्पना भी नहीं कर सकते ।

मेले के समापन के बाद ही ग्रामीणों में जा जाता है भगोर्या हाट का उत्साह






समाजसेवी चन्दु भाई रिसावला ने बताया की बड़केश्वर महादेव मेले के समापन के रोज से ही हमारे समाजजनों में भगोर्या हाट का उत्साह जा जाता है । इस दिन का आदिवासी समाज को बड़ा इंतजार रहता है कहीं भी कोई दाड़की मजदुरी या नौकरी पर होता है वह भगोर्या हाट के पहले अपने घर आकर परिवार के साथ इस हाट का आनंद लेते हैं । इसके लिए तैयारी भी पहले से ही कर लेते हैं क्यों साथ दिन तक चलता है इस भगोर्या हाट का सिलसिला जहां भी होता है वहां अपनी पारंपारिक वेश भूषा में समाजजन पहुंचते हैं और एक दुसरे को अपने विशेष हाट की बधाई देते ।